# अच्छा काम करने वालों को शाबासी, देरी पर फटकार



## जनगणना के काम को मौके पर देखा कलेक्टर और आयुक्त ने

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 12 मई।** जनगणना की वस्तुस्थिति जानने एवं इस काम में तेजी लाने के लिये कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी रुचिका चौहान मंगलवार को नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के साथ शहर की विभिन्न बस्तियों में पहुँचीं। इस दौरान उन्होंने अपनी मौजूदगी में संबंधित प्रगणकों के माध्यम से विभिन्न घरों में पहुँचकर ऑनलाइन जनगणना की जानकारी भरवाई। साथ ही जनगणना का अच्छा काम कर रहे प्रगणकों को शाबाशी देकर प्रोत्साहित किया व इस महत्वपूर्ण काम के प्रति लापरवाह प्रगणक के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस दौरान स्थानीय निवासियों से भी चर्चा की और जनगणना के महत्व को रेखांकित किया।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने मंगलवार को न्यू सारिका नगर एवं गोविंदपुरी में चल रहे जनगणना कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सारिका नगर स्थित मकान नं. 20 में पहुँचकर यहां की प्रगणक वैभवी पटवर्धन के माध्यम से घर मालिक रामकटोरी धाकड़ से 34 बिंदुओं की जानकारी पूछकर मकान गणना का काम कराया। प्रगणक वैभवी पटवर्धन को दो दिन पहले ही गणना का काम सौंपा गया है। उन्होंने मात्र दो दिन में अपने क्षेत्र के 150 मकानों में से 100 मकानों की गणना पूरी कर ली है। कलेक्टर ने श्रीमती वैभवी पटवर्धन को इसके लिये शाबाशी देकर प्रोत्साहित किया। साथ ही उनका मुँह मीठा भी कराया।

गोविंदपुरी क्षेत्र में जनगणना कार्य का जायजा लेने के दौरान इस क्षेत्र की एक गली में मकान गणना की गति धीमी पाई जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने इस क्षेत्र के प्रगणक हरीबाबू शिवहरे को मकान गणना के काम में तेजी लाने के लिये सख्त चेतावनी दी। साथ ही उनकी एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने इस दौरान गोविंदपुरी स्थित मकान नं. एच-23 की मकान गणना भी प्रगणक के माध्यम से कराई। मकान मालिक के बेटे कृष्णा सिसोदिया से 34 प्रश्न पूछकर मकान गणना की कार्रवाई पूर्ण की गई।

### सभी प्रविष्टियां पूर्ण एवं सटीक भरी जाएं

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान प्रगणकों से कहा कि लोगों से पूछकर और उनकी सहमति से सभी प्रविष्टियां पूर्ण एवं सटीक भरी जाएं। एचएलबीसी पोर्टल पर दर्शायी गई सीमाओं में विसंगति होने पर वास्तविक भौगोलिक सीमाओं के आधार पर हाउसलिस्टिंग ब्लॉक का निर्धारण किया जाए। कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त नगर निगम मुनीष सिकरवार सहित जनगणना पर्यवेक्षक व संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



# घरेलू आय सर्वेक्षण पर हुआ प्रशिक्षण

## राष्ट्रीय घरेलू आय सर्वेक्षण पर क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 12 मई।** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर द्वारा 'राष्ट्रीय घरेलू आय सर्वेक्षण' पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गजेन्द्र सोनी निदेशक ने किया। इस अवसर पर सोनी ने अपने संबोधन में आंकड़ों की गुणवत्ता और एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए सर्वे के सूक्ष्म बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

यह देश का अपनी तरह का पहला घरेलू आय सर्वेक्षण है, जो अप्रैल 2026 से मार्च 2027 तक चलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य आय के स्त्रोतों, रोजगार और निवेश से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े संकलित करना है, जो सरकार की साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण में मील का पत्थर साबित होंगे।

### इनकी रही सहभागिता

वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी एवं मीडिया प्रभारी रोबिन सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण में ग्वालियर, उज्जैन, रतलाम और शिवपुरी कार्यालयों के लगभग 40 क्षेत्र कर्मी शामिल हुए, जिनमें सहायक निदेशक, सांख्यिकी अधिकारी और सर्वेक्षण प्रगणक शामिल थे।

# अवैध गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

## भौरी की पुलिया के पास पुलिस ने रंगे हाथों दबोचा

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 12 मई।** चीनौर थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद किया गया है।11 मई को थाना चीनौर पुलिस को सूचना मिली कि भौरी की पुलिया के पास एक व्यक्ति थैले में गांजे की पुड़िया बनाकर बेच रहा है। सूचना मिलते ही अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री जयराज कुबेर और एसडीओपी भितरवार श्री जितेन्द्र नगाइच के मार्गदर्शन में एक टीम गठित की गई। थाना प्रभारी चीनौर उनि. शैलेन्द्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस टीम जब मौके पर पहुँची, तो वहां संदिग्ध अवस्था में बैठा एक व्यक्ति पुलिस को देख भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम सनिल तोमर (36 वर्ष), निवासी करहिया तिराहा, चीनौर बताया।

**762 ग्राम गांजा बरामद :** तलाशी लेने पर आरोपी के पास मौजूद थैले से अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तौल करने पर गांजे का वजन 762 ग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 7,600 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना चीनौर में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपी से यह पूछताछ कर रही है कि वह यह नशा कहाँ से लाता था और शहर में उसके संपर्क किन-किन लोगों से हैं।

# पुष्पा ढोड़ी ने डीईओ का कार्यभार संभाला

**ग्वालियर 12 मई।** ग्वालियर के जिला शिक्षा अधिकारी का कार्यभार मंगलवार को श्रीमती पुष्पा ढोड़ी ने ग्रहण कर लिया है। श्रीमती ढोड़ी इससे पहले जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ग्वालियर में ही सहायक संचालक के रूप में पदस्थ थीं।

# गिट्टी का अवैध परिवहन करते वाहन पकड़ा

**ग्वालियर, 12 मई।** जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के मेहरा टोल एवं बेरजा क्षेत्र में चैकिंग प्वॉइंट लगाकर खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की जांच की गई।

प्रभारी जिला खनिज अधिकारी घनश्याम यादव ने बताया कि जांच के दौरान बिजौली के पास गिट्टी का अवैध एवं ओवरलोड परिवहन करते हुए 12 चक्का वाहन क्रमांक ऋ11तष्ट5979 पकड़ा गया। संबंधित वाहन को मौके पर जब्त कर थाना बिजौली की अभिरक्षा में रखा गया है। जब्त वाहन के विरुद्ध नियमानुसार अर्थदंड की कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। इस कार्रवाई को सहायक खनिज अधिकारी रमाकांत तिवारी सहित अन्य कर्मचारियों ने अंजाम दिया।

# एडीएम और सीईओ ने जरूरतमंदों को दिलाई मदद



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 12 मई।** ग्वालियर 12 मई। कलेक्ट्रेट में मंगलवार को हुई जन-सुनवाई में 116 आमजनों की समस्यायें सुनी गईं। अपर कलेक्टर कुमार सत्यम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत व एडीएम सी बी प्रसाद सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने एक - एक कर सभी आवेदकों की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की।

कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में राजस्व, नगर निगम, बिजली, पुलिस इत्यादि से संबंधित समस्यायें प्राप्त हुईं। जमीन संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश सभी एसडीएम व तहसीलदारों को दिए गए हैं। नगर निगम क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को तत्परता से निराकृत करने की हिदायत भी नगर निगम के अधिकारियों को दी। जनसुनवाई में मदद की आस में पहुँचे जरूरतमंदों के नि:शुल्क इलाज का इंतजाम भी कराया गया। जन-सुनवाई में कुल 116 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 68 आवेदन दर्ज किए गए। साथ ही शेष 48 आवेदन विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में निराकृत करने के लिये आवश्यक टीप के साथ दिए गए।

### छात्रा को वापस मिलीं मूल अंकसूचियां

**ग्वालियर।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार को उत्तरप्रदेश के कानपुर निवासी सुनाक्षी पुत्री रामनारायण की शिकायत का त्वरित निराकरण किया गया। सुनाक्षी ने शिकायत में बताया कि उन्होंने वर्ष 2020 में गोला का मंदिर स्थित व्यंकटेश एजुकेशन कॉलेज में बीएससी नर्सिंग में प्रवेश लिया था। प्रवेश के समय कॉलेज प्रबंधन ने उनसे कक्षा 10वीं और 12वीं की मूल अंकसूचियां जमा कराई थीं, लेकिन डिग्री पूर्ण होने के बाद भी कॉलेज द्वारा दस्तावेज वापस नहीं किए जा रहे थे। आवेदिका ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन द्वारा उन्हें बार-बार चक्कर लगवाए गए और अवैध रूप से पैसे की मांग भी की गई। पूर्व में जनसुनवाई में आने पर कॉलेज द्वारा बीएससी नर्सिंग की मार्कशीट तो दे दी गई थी, लेकिन 10वीं और 12वीं की मूल अंकसूचियां वापस नहीं की गई थीं।

# आईटीएम में लगा शिविर, हुआ हैल्थ चेकअप




## आईटीएम में हुआ स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 12 मई।** आईटीएम यूनिवर्सिटी की एनएसएस यूनिट्स, यूबीए रेल एवं स्कूल ऑफ नर्सिंग साइंस द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान के सिथौली और तुरारी परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जहां संस्थान के फैकल्टी सदस्य, प्रशासनिक कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में पहुंच कर इस शिविर का लाभ उठाया। इस अवसर पर आईटीएम के रजिस्ट्रार डॉ. ओमवीर सिंह, डीन एकेडमिक प्रोफेसर रंजीत सिंह तोमर, डीन एसओईटी प्रो. मुकेश पांडेय, केशव सिंह कंसाना, आईक्यूएसी डायरेक्टर डॉ. वाणी अग्रवाल, डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक, प्रो. संजय जैन, एचओडी एसओजेएमसी डॉ. मनीष जैसल, एसोसिएट डीन एसओपी डॉ. अविनीश त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के डीन, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्थान के सभी विभागों के कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। वहीं शिविर का समन्वयन डॉ. पल्लवी सिन्हा, डॉ. नवनीत सिंह, नारद कुमार, निर्देश सिकरवार, डॉ. सविता चौहान, राधेश्याम, अभा भट्ट, प्रतिमा राजपूत द्वारा किया गया।

**200 से अधिक कर्मचारियों और युवाओं को मिला परामर्श :** आईटीएम यूनिवर्सिटी के सिथौली और तुरारी कैंपस में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ अतिथियों द्वारा फीता कटिंग और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्थान के चिकित्सक और नर्सिंग, बीपीटी व बीएमएलटी के छात्र-छात्राओं द्वारा संस्थान के 200 से अधिक फैकल्टी सदस्य, प्रशासनिक कर्मचारियों, युवा छात्र-छात्राओं का ब्लड प्रेशर जांच, शुगर लेवल परीक्षण, बीएमआई जांच, दर्द प्रबंधन एवं उपचार और सामान्य स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया।

**कर्मचारियों और श्रमिकों को प्रदान की फर्स्ट एड किट :** आईटीएम यूनिवर्सिटी के सिथौली और तुरारी परिसर में विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के अवसर पर संस्थान के ट्रांसपोर्ट विभाग, हाउसकीपिंग स्टाफ, निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिक, गार्डनर्स, फैब्रिकेटर्स, इलेक्ट्रीशियन्स, हॉस्टल, लैब, स्पोर्ट्स एवं एस्टेट विभाग के कर्मचारियों को फर्स्ट एड किट प्रदान की गईं।

# अनुभवी प्लंबरों का निगम में होगा रजिस्ट्रेशन

**ग्वालियर, 12 मई।** नगर निगम क्षेत्र में कार्य करने वाले अनुभवी प्लंबरों का नगर निगम रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इन प्रशिक्षित प्लंबरों के द्वारा ही अब सीवर एवं पानी की लाइनों में नल एवं सीवर के कनेक्शन किए जाएंगे। प्रशिक्षित प्लंबर पर अथवा नगर निगम मुख्यालय के कक्ष क्रमांक 318 तृतीय तल निगम मुख्यालय पर आवेदन कर सकते हैं। आयुक्त श्री संघ प्रिय के आदेशानुसार नगर निगम, ग्वालियर सीमान्तर्गत क्षेत्रो में व्यक्तिगत जल कनेक्शन एवं सीवर कनेक्शन के लिए नगर निगम की सीवर एवं पानी की लाइनों में अप्रशिक्षित व्यक्तियों द्वारा कार्य किया जा रहा है, लेकिन अब इनका रजिस्ट्रेशन होगा।

# अपर आयुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 12 मई।** आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें नगर निगम ग्वालियर में अपर आयुक्त श्री प्रदीप सिंह तोमर एवं श्री मुनीश सिकरवार ने आमजनों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वार्ड 29 महलगांव के समस्त एमपी राज्य कर्मचारी आवास कॉलोनी के निवासी गणों ने आवेदन देकर बताया कि सीवर लाइन काफी पुरानी होने से क्षतिग्रस्त हो गई जिस कारण सीवर का पानी सडक पर बहता है आवेदकों ने सीवर लाइन ठीक कराये जाने के संबंध में, वार्ड 52 गुढी पायगा के निवासी गणों ने आवेदन देकर बताया कि वर्तमान में जो सीवर लाइन डली है वह छोटी होने के कारण बार-बार चौक हो रही है तथा सीवर ओवर फ्लो हो रही है आवेदकों ने नई सीवर लाइन डलवाये जाने के संबंध में, वार्ड 5 आनंद नगर के निवासी गणों ने आवेदन देकर बताया कि बडा पार्क पर चल रहे विकास कार्यों मानक अनुरूप नहीं किए जा रहे, आवेदकों ने उचित कार्यवाही के संबंध सहित अन्य आवेदनों पर सुनवाई करते हुए अपर आयुक्त ने कुछ समस्याओं का निराकरण त्वरित करते हुए बांकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई, नामांतरण आदि से संबंधित 21 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अपर आयुक्त ने दिए।



# अपेक्स बैंक के प्रशासक ने देखी गेहूं खरीदी

## किसानों की उपज की जल्द तुलाई और बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 12 मई।** अपेक्स बैंक के प्रशासक महेन्द्र सिंह यादव ने मंगलवार को मुरार तहसील के अंतर्गत स्थापित विभिन्न गेहूं उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सहकारी समिति बेहटा, बड़ागांव और सिरसौद द्वारा संचालित खरीदी केन्द्रों पर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान यादव ने कहा कि समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूं का उपार्जन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी भी तरह की परेशानी नहीं आनी चाहिए। हर खरीदी केन्द्र पर ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि किसानों के गेहूं की जल्द से जल्द तुलाई हो सके।

यादव ने निर्देश दिए कि प्रत्येक खरीदी केन्द्र पर किसानों के लिए शीतल पेयजल, छाया और ओआरएस की समुचित व्यवस्था रहे। गर्मी के मौसम में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

# युवा शक्ति ही परिवर्तन का केन्द्र : सांसद कुशवाह

## एमिटी विश्वविद्यालय ग्वालियर में गूंजा 'स्वच्छता संवाद'

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 12 मई।** एमिटी विश्वविद्यालय में 'स्वच्छता संवाद' कार्यक्रम का भव्य एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वच्छता, नागरिक जिम्मेदारी और डिजिटल सहभागिता के माध्यम से 'स्वच्छ ग्वालियर' अभियान से जोड़ना था। कार्यक्रम के दौरान पूरे सभागार में स्वच्छता के प्रति जागरूकता, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। एमिटी विश्वविद्यालय एवं नगर निगम ग्वालियर के विशेष सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह, एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, एडिशनल कमिश्नर टी. प्रतीक राव उपस्थित रहे। साथ ही विश्वविद्यालय प्रो-चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी.के. शर्मा (एवीएसएम), कुलगुरु प्रो. (डॉ.) आर एस तोमर ,प्रो वाइस चांसलर प्रो. डॉ एम पी कौशिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत समग्र स्वच्छता के संदेश और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर केंद्रित प्रेरणादायक संबोधनों से हुई। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी शहर की पहचान केवल उसकी ऐतिहासिक धरोहरों से नहीं, बल्कि उसकी स्वच्छता, नागरिक अनुशासन और जागरूक नागरिकों से होती है। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने अपने संबोधन में कहा कि ग्वालियर को देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल करने के लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

कार्यक्रम के दौरान नगर निगम अधिकारियों ने स्वच्छ ग्वालियर ऐप की जानकारी भी साझा की, जिसे नागरिकों की सुविधा और त्वरित शिकायत समाधान के लिए तैयार किया गया है। सांसद भारत सिंह कुशवाह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति किसी भी परिवर्तन की सबसे बड़ी ताकत होती है। यदि छात्र जागरूक होकर स्वच्छता अभियान से जुड़ें, तो ग्वालियर पूरे देश के लिए उदाहरण बन सकता है। कुलगुरु प्रो. आर एस तोमर ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बनना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अपने शहर में निवेश के लिए बड़ी कंपनियां का आगमन तभी होगा जब शहर की स्वच्छता रैंकिंग सुधरेगी।



### सकारात्मक बदलाव का नेतृत्व करने का आह्वान किया

वहीं प्रो-चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी.के. शर्मा एवीएसएम ने अनुशासन और नागरिक जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र की पहचान है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित में सकारात्मक बदलाव का नेतृत्व करने का आह्वान किया। प्रो वाइस चांसलर प्रो. डॉ एमपी कौशिक ने स्वच्छता को खुशहाल जीवन की जरूरत बताया और कहा कि ग्वालियर वासी कचरा गाड़ी में ही कचरे को डाला करें यदि सड़क पर कचरा दिख जाए तो उसे डस्टबिन में डालें तभी हमारा शहर स्वच्छ शहर बनकर अच्छी रैंकिंग पा सकता है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95